खुली सीमा का फायदा उठाकर आए दिन तस्करी के फिराक में रहते हैं तस्कर, कार्रवाई के बाद भी नहीं रुकती इनकी गतिविधियां

# असलहे की तस्करी में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी
- गांवों में छिपे रहते हैं तस्कर, मौका देखते ही निकालते हैं सामान

श्रावस्ती, संवाददाता। नेपाल की खुली सीमा का लाभ उठा कर तस्कर अवैध सामान भारतीय क्षेत्र में पहुंचाने की फिराक में रहते हैं।

सीमा पर कड़ी निगरानी के कारण पकड़े भी जाते हैं। ऐसे ही सोमवार सुबह नेपाल से अवैध असलहा तस्करी करते समय एक नेपाली नागरिक को पुलिस व एसएसबी जवानों के गश्ती दल ने पकड़ लिया। पकड़े गए तस्कर से दो असलहे बरामद किए गए और पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया गया।

62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में ए समवाय तुरुस्मा के सीमा चौकी हाकिमपुरवा के एसएसबी जवान मल्हीपुर पुलिस के साथ संयुक्त गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति असलहे के साथ भारत नेपाल सीमा के सीमा स्तम्भ संख्या 638/3 से होकर जाने वाला है। सूचना मिलते ही एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या 638/3 के पास पहुंच कर नाकेबंदी कर दी। इस दौरान वहां से निकल रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी कराई गई तो उसके कब्जे से एक 12 बोर सिंगल बैरल देशी कट्टा, एक 315 बोर सिंगल बैरल देशी कट्टा बरामद हुआ।


नेपाल सीमा पर पकड़े गए नेपाली नागरिक के साथ एसएसबी और पुलिस जवान

## नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हैं तस्कर

श्रावस्ती जिले की 62 किलोमीटर सीमा नेपाल से मिलती है। सीमा पर बाड़ अथवा रोक न होने से तस्कर नेपाली शराब, खाद, असलहे व अन्य सामान आसानी से नेपाल से भारतीय क्षेत्र में पहुंचाने में सफल हो जाते थे। सीमा पर एसएसबी जवानों की तैनाती होने के तस्करी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगी है। लेकिन अब भी यदा कदा सामानों की तस्करी जारी है। भारतीय सीमा में पहुंचने पर जवानों की गिरफ्त में आ जाते हैं।

## तीन महीनों में दो बार पकड़ा गया है अनाज

नेपाल सीमा पर पिछले तीन महीनों में दो बार तीन ट्राली अनाज पकड़ा गया है। अनाज को ट्राली में भर कर नेपाल पहुंचाया जा रहा था। जिसे कस्टम के हवाले कर दिया गया है। वहीं दो बार नेपाली शराब भारतीय सीमा में प्रवेश कराते हुए दो व्यक्ति पकड़ गए हैं। इसी क्रम में सोमवार को एक व्यक्ति को असलहों की तस्करी करते पकड़ा गया है।

## एसएसबी के साथ मिल कर की जाती है कड़ी निगरानी

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि नेपाल सीमा संवेदनशील है। खुली सीमा का लाभ तस्करों को न मिले। इसके लिए एसएसबी जवानों के साथ मिल कर गश्त किया जा रहा है। नेपाल सरहद के गांवों में खुफिया तंत्र भी तैयार किया गया है। जो अवांछित तत्वों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाते हैं।